दिनांक 10 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं

सुदर भिलाई

मच्छर उन्मूलन हेतु निगम क्षेत्र में हो रहा लगातार फागिंग

भिलाईनगर /मौसमी बीमारियों से बचाव व मच्छरों के प्रकोप के रोकथाम हेतु भिलाई निगम द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम होते ही निगम का अमला गली-मोहल्लों के सघन क्षेत्रों में हैंड स्प्रे से फाॅगिंग कार्य में जुटे हुए हैं, ताकि मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से निजात पाया जा सके। कर्मचारी वार्डों में हैड मशीन व व्हीकल माउंटेड द्वारा फाॅगिंग कर रहे है। निगम क्षेत्र में डेंगू बीमारी से बचाव हेतु मलेरिया आॅयल व मैलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है साथ ही निगम की टीम एवं मितानीनें घरों में जाकर सर्दी , खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों को तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दे रही है। निगम प्रशासन आमजन से अपील करती है कि अपने घर व आस-पास साफ सफाई बनाकर रखे तथा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाली वाहनों को सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग प्रदाय करें। पीलिया से बचाव हेतु पानी को उबालकर पिए तथा निगम द्वारा प्रदान किए गए क्लोरीन टेबलेट का उपयोग अशुद्ध पानी को शुद्ध करने के लिए करें! स्वच्छता निरिक्षक के.के. सिंह ने बताया कि गंदे स्थानों व नालियों में मच्छर का लार्वा न पनप सके इसे देखते हुए मलेरिया आॅयल व मैलाथियान का छिड़काव तथा जलजमाव वाले स्थानों में टेमीफास का उपयोग लगातार किया जा रहा है। निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड -17 वृन्दानगर अन्तर्गत वृन्दानगर बस्ती में पार्षद निवास के पास हनुमान मन्दिर

जनसम्पर्क अधिकारी